27 पीएमसी स्कूल 6,000 विद्यार्थी लाभान्वित

पुणे. क्विक हील फाउंडेशन की ओर से पुणे के डॉ. वसंतदादा पाटिल उच्च विद्यालय में एक पारस्परिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पुणे नगर निगम के अधिकारी माली और क्विक हील टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश काटकर ने हिस्सा लिया. इस बैठक में, 8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए. 27 पीएमसी स्कूलों के करीब 6 हजार छात्रों ने इसका लाभ लिया. किशोरावस्था के व्यवहार से सम्बंधित समस्याओं, पारिवारिक समस्याओं, नशाखोरी और पढ़ाई में कठिनाई, यौन-शिक्षा, एचआईवी के प्रति जागरूकता, बाल एवं यौन प्रताड़ना की शिक्षा आदि पर व्यक्तिगत बात-चीत के रूप में ये परामर्श होते हैं.

'लाइफ स्किल प्रोजेक्ट'

- इस अवसर पर काटकर ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ, जिम्मेदार अभिभावक और शिक्षक होने के नाते यह हमारा प्रमुख उत्तरदायित्व है कि हम अपने बच्चों को, विशेषकर उनके किशोरावस्था में कदम रखनेवाली बढ़ती उम्र में, अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करें.

- उन्होंने कहा कि, अपने परामर्श सत्रों के माध्यम से हम छात्रों के लिए उनके अहम वर्षों के महत्त्व को दर्शाते हैं और उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने हेतु प्रोत्साहित करते हैं.

- हमारे परामर्शदाता उन छात्रों को भी मदद करते हैं जिनके घर में सामयिक वातावरण नहीं है और उन्हें ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सहायता प्रदान करते हैं.